उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 19.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत
## "परिवार परामर्श केन्द्र" कमेटी के सदस्यों ने
## 01 परिवार को बिखरने से बचाया, परिवार में लौटी खुशियां-

आज दिनांक- 19.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में "परिवार परामर्श केन्द्र" कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना श्रीमती प्रभा पाण्डेय की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पति-पत्नी के 03 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के निदान हेतु काउंसिलिंग/परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का 01 जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हुए हैं, शेष को अगली तिथि में बुलाया गया है, जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 रेखा देवी, म0कां0 विभा सिंह सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर क्रमशः श्री शिवकुमार गोस्वामी, श्री रामजी गुप्ता, श्री सुरेश चन्द्र जायसवाल, श्रीमती डॉ विभा पुरवार आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सर्किल चरखारी के समस्त थानों के विवेचकों का अर्दली रुम किया गया, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।






अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना चरखारी, खरेला एवं श्रीनगर के समस्त विवेचकगण एवं समस्त हल्का प्रभारियों का अर्दली रूम कर थाना स्तर में लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, निरोधात्मक कार्यवाही, जनशिकायती प्रार्थनापत्र, अपराधियों के विरुद्ध जारी NBW, BW, हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधी, टॉप 10 अपराधियों के खिलाफ की गई प्रभावी कार्यवाही, प्रचलित अभियानों और अन्य लंबित कार्यवाहियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थानास्तर में लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा कर समस्त विवेचकों से संवाद कर अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए अभियान के तहत विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अपराध की रोकथाम के दृष्टिगत रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर सर्किल चरखारी के समस्त विवेचकगण सहित अन्य सम्बन्धित कर्मचारी मौजूद रहे।